ACE ENGITECH LIMITED
Taking Value to the Next Level

(FORMELY KNOWN AS PREM SOMANI FINANCIAL SERVICES LIMITED)
CIN: -L72100RJ1991PLC006220
(Incorporated under the Companies Act, 1956)
Contact No. 9322666532, Email Id: aceengitechlimited@gmail.com
Website: https://www.aceengitech.com

**Date: November 15, 2024**

**To,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai – 400 001 (Maharashtra)**

**Ref.: ACE ENGITECH LIMITED (ERSTWHILE PREM SOMANI FINANCIAL SERVICES LIMITED), Scrip Code: 530669, Security ID: ACEENGITEC.**

**Subject: Newspaper Advertisement – Un-Audited Results for the quarter and half year ended September 30, 2024**

Please find enclosed herewith the newspaper advertisement for the financial results of Ace Engitech Limited for the quarter and half year ended on September 30, 2024 published in the following newspapers on November 15, 2024.

1. The Indian Express (English)
2. Dainik Mridul Patrika (Hindi)

Please acknowledge and suitably disseminate to all concerns.

Thanking you,

Yours Faithfully,
**For Ace Engitech Limited**
**(Formely Known as Prem Somani Financial Services Limited)**

ANKITA AGARWAL
Digitally signed by ANKITA AGARWAL
Date: 2024.11.15 16:55:40 +05'30'

**Ankita Agarwal**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**MEM NO.: A33873**
**EMAIL ID: aceengitechlimited@gmail.com**

**Encl: A/a**

## 'मैंने ऊपर वालों से कहा था, राजस्थान में ब्राह्मण मुख्यमंत्री बने'

# रामभद्राचार्य सीएम शर्मा से बोले-लोगों ने कहा कि वसुंधरा नाराज होंगी, मैंने कहा उन्हीं से बुलवा देते हैं

## धीरेंद्र शास्त्री बोले-छेड़ोगे तो छोड़ा नहीं जाएगा, मैं हिंदुओं को जगाने आया हूं, तुम्हारे मंदिरों में मस्जिद बना दिए





**जयपुर (मृदुल पत्रिका)।** जयपुर में रामकथा कर रहे रामभद्राचार्य ने दावा किया है कि उनके कहने पर ही राजस्थान में ब्राह्मण मुख्यमंत्री बनाया गया है। यह दावा उन्होंने खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सामने किया। सीएम गुरुवार को विद्याधर नगर स्टेडियम में चल रही रामकथा में रामभद्राचार्य से मिलने पहुंचे थे।

रामभद्राचार्य ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कहा- मैं आपके शपथ ग्रहण समारोह में भी आया था। जब इस बात की चर्चा चल रही थी कि राजस्थान की बागडौर किसे दी जाए, तो मैंने ऊपर वालों को संकेत दिया था कि इस बार राजस्थान की सत्ता ब्राह्मण को दी जाए। लोगों ने कहा- वसुंधरा नाराज होंगी। फिर मैंने उनसे कहा कि उनके ही मुख से कहलवा देते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रणाम किया तो रामभद्राचार्य ने उन्हें गले लगा लिया।

रामभद्राचार्य ने सीएम से गलता विवाद को लेकर भी बात की।

मंच पर आए सीएम से कहा- अब तक मुख्यमंत्री भोजनलाल होते थे, अब भजनलाल हैं। गलता गद्दी रामानंदियों की है। इस पर कोर्ट ने भी फैसला दे दिया है, इसलिए इसे जल्दी से कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर हमें दे दी जाए। यही मेरी दक्षिणा है। इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- गुरू जो कहता है, वो बात पूरी होगी। जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में सालासार बालाजी धाम गौशाला और विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 1394वीं रामकथा के आठवें दिन बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कथा स्थल पहुंचे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मुलाकात की।

### ...पहले हमारे गुरु जी से तो निपट लो

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र के जयकारे के साथ अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा- आज हमारे बड़े ही सौभाग्य का दिन है कि हमें अपने नेत्रों से उन महापुरुष के दर्शन हो रहे हैं जो सिंह की तरह गर्जना करके सनातन धर्म के पताका को पूरे विश्व में लहरा रहे हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- हम प्राय: कम रो पाते हैं। हमारी आंखों में आंसू इसलिए नहीं आ पाते क्योंकि हमें कश्मीरी पंडितों का दर्द दिखाई पड़ता। बांग्लादेशी हिंदुओं का दर्द दिखाई पड़ता। नूंह मेवात बहराईच, मणिपुर की घटनाओं का दर्द दिखाई पड़ता। इसलिए हमारी आंखों में आंसुओं से ज्यादा उन धर्म विरोधीओं को बिखेरने के लिए खून खौलता रहता है।

उन्होंने कहा- बड़े- बड़े धर्मविरोधी कहते थे तुम्हारे सनातन धर्म में क्या है। हमसे बहुत लोग पूछते हैं बाबा चमत्कार क्या है। लेकिन अब हम भी बहुत होशियार हो गए हैं हम भी उनसे कह देते है पहले हमारे गुरु जी से तो निपट लो। हमारे गुरुदेव भगवान के चमत्कार ही हमारा चमत्कार है। हमारे गुरुदेव भगवान के विद्या का प्रभाव ऐसा पड़ा कि भारत के कोने-कोने का हिंदू जाग रहा है। हम तो आप सबके दर्शन करने आए है।

अभी मैं भीलवाड़ा में भी कथा करके गया। वहां तीन लाख लोगों ने आकर कथा सुनी। धन्य है जयपुर जहां गोविंद देवजी है। धन्य है राजस्थान जहां सालासर बालाजी है, मेंहदीपुर बालाजी है। धन्य है जयपुर के निवासी जो हमेशा सनातन धर्म के लिए आयोजन करवाते रहते हैं। लेकिन बुरा मत मानना एक बात कह रहा हूं।

अब हम सबको घर से बाहर निकलना पड़ेगा। आवाज को मुखर करना पड़ेगा। पहले लोग खुद को हिंदू कहने में डरते थे। डरते थे कि कहीं धर्मविरोधी उपद्रव न कर देवें। मार न डाले। अब हम लोगों को हिंदुओं को न जगाना है न बचाना है। अब तो नया नारा देना है छेड़ोगे तो छोड़ा नहीं जाएगा। तभी काम चलेगा।



### तथाकथित शंकराचार्य ने धारा 370 को फिर से लागू करने की मांग की

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर कटाक्ष करते हुए कहा- हमें तो यह पता था कि विदेशी ताकते धर्मविरोधी होती है। वर्तमान में धर्म विरोधी ताकतें हमारे देश में ही है। कुछ तो ऐसे भी धर्मविरोधी है जो राष्ट्रद्रोही है। राष्ट्र के खिलाफ बातें करते रहते है। उन्हें संत कहे कि क्या कहे। एक तथाकथित शंकराचार्य है। वो कहते है धारा 370 को फिर से लागू किया जाए। मतलब वो भारत को पाकिस्तान बनवाना चाह रहे हैं। हम स्पष्ट रूप से कह रहे हैं भारत को भारत रहने दिया जाए।

आप बताएं धारा 370 हटनी चाहिए थी कि नहीं? आप चाहते हो क्या धारा 370 वापस आ जाए। लेकिन एक लोग है जो कहते हैं कि वापस आ जाए। अच्छा वो शंकराचार्य भी हैं। मतलब वो देश को बनाना क्या चाहते हैं। हमारे गुरूजी ने बता दिया है वो शंकराचार्य नहीं हैं। उनका मुकदमा अभी कोर्ट में चल रहा है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा अब हम सबको जागना है। अंधविश्वासों पर विश्वास नहीं करना है। तुम मेरे पर भी भरोसा मत करो। लेकिन हम सबको गुरदेव की बात मानते हुए हिंदुत्व पर भरोसा करना है। केवल हिंदू नहीं बनना है। कट्टर हिंदू बनना है।

### अपने शहर को मणिपुर-बांग्लादेश बनाना चाहते हो?

हमने यह प्रण किया है जो कोई भी मेरे गुरदेव के खिलाफ या राष्ट्र के खिलाफ या सनातन धर्म के खिलाफ बोलेगा, सभी रामानंदी, सभी संप्रदायों के संत-महंत आचार्य के साथ मिलकर एक नया नारा देंगे कि छेड़ोगे तो छोड़ा नहीं जाएगा। इसलिए भारत के लोगों से जयपुर के लोगों से पूछना चाहते हैं कि क्या आप फिर से कश्मीरी पंडितों जैसा हाल देखना चाहते हो। क्या तुम चाहते हो कि तुम्हारी बहन बेटी की तरफ लव जिहाद की दृष्टि से नजर डाले। क्या तुम अपने प्रदेश को, अपने शहर को मणिपुर, बांग्लादेश बनाना चाहते हो। एक बार ध्यान रखना बांग्लादेश के हिंदुओं पर अत्याचार हुआ तो वे भारत आ गए। लेकिन कभी विचार करना कि भारत के हिंदुओं पर अत्याचार होगा तब तुम कहां जाओगे। लेकिन हमको जाना नहीं है। अब हमको भगाना है। उसका उपाय हमसे पूछो।

ताली निकालने से और हंसने से हिंदू नहीं बचेगा। अपनी हिंदुओं की ताकत को तुम्हें दिखाना पड़ेगा। उनमें से एक मौलान तौकीर रजा है। वो कहता है कि हम सड़कों पर निकलेंगे तो रूह कांप जाएगी। हमने उनसे कहा है कि हम सड़कों पर निकलेंगे तो तुम्हारी भूह कांप जाएगी। अब उनको ये बताना पड़ेगा तभी ये मानेंगे। जो जैसा होगा उसे वैसा जवाब देना पड़ेगा।

### मैं भड़काने की नहीं जगाने की बात करता हूं

लोग कहते है कि बाबा तुम भड़काने की बात करते हो। मैं कहता हूं मैं भड़काने की नहीं जगाने की बात करता हूं। अगर आज नहीं जागे तो पश्चिम बंगाल में जो हालात है वह सबको पता है। श्रद्धा का मर्डर हो गया सबको पता है। तुम्हारे ही राजस्थान में हिंदुओं के रहते हुए इस राजस्थान का दुर्भाग्य है कि आठवीं नवीं में पढ़ने वाले आदर्श और हेमराज को चाकुओं से गोदकर मार डाला। कन्हैयालाल दर्जी को मार डाला। तुम्हारे मंदिरों में मस्जिदों को बना दिया। तुम्हारे ही भीलवाड़ा में गाय माता की पूंछ को काटकर हनुमान जी को चढ़ा दिया। यह हिंदुओं के सोए हुए का परिणाम है।

### लोग कहते हैं आप नफरत फैलाते हैं

लोग कहते है आप सिर्फ हिंदू मुसलमान करते हैं। सच ये है कि हम सिर्फ हिंदू हिंदू करते हैं। इसलिए अब हम लोगों को अब जागना है भागना नहीं है। हम सब हिंदू एक है। हिंदुओं के एक होने का उपाय है जात पात की करो विदाई हम सब हिंदू भाई भाई।

हमने यह विचार किया है कि हवाई जहाज और चिलगाड़ी से हिंदू धर्म नहीं बचना है। मंचों पर केवल बड़े-बड़े लोग आ पाते है वो नहीं आ पाते है जो समाज में सबसे पिछड़े होते हे। अब हमने प्रण किया है कि जिनको हम मंचों पर नहीं बुला पाते। उनके लिए हम गांव गांव जाकर उनको गले लगाएंगे।

गुरुदेव रामभद्राचार्य जी से आशीर्वाद लेकर 50 हजार हिंदू 160 किमी की पदयात्रा करने जा रहे है। अब हम लोगों को एकता का बल दिखाना पड़ेगा। लोग कहते है आप नफरत फैलाते हो। हम सच बोले- हम नफरत नहीं प्रेम के आदी है पर गर्व से कहते है हम हिंदुत्व वादी है। हम नफरत के आदी नहीं है।

### गलता गद्दी रामानंदियों की है

गलता पीठ के बारे में बात करते हुए धीरेंद्र शास्त्री बोले- मुझे यहां आकर पता लगा जिससे मुझे अच्छा नहीं लगा। गलता गद्दी रामानंदियों की है। रामानंद संप्रदाय के ही आचार्य वहां गुरदेव रामभद्राचार्य की प्रेरणा से बैठेंगे। उसके लिए हम सब संत समाज मिलकर प्रयत्न करेंगे।

### युवाओं तुम किसी के पीछे सेल्फी लेने के लिए पागल मत बनो

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने युवाओं के लिए कहा- तुम किसी के पीछे सेल्फी लेने के लिए पीछे मत पड़ो। हमारी प्रार्थना है कि ऐसा कॅरियर मत बनाओ की तुम्हें दूसरों के पीछे सेल्फी लेने के लिए पागल होना पड़े। ऐसा कॅरियर बनाओ की लोग तुम्हारे पीछे सेल्फी लेने के लिए पीछे आएं। इस दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। सब कुछ पाया जा सकता है। आज से 20 साल पहले लगता था कि राम मंदिर कभी नहीं बनेगा। बन गया। जो कहते थे कि राम मंदिर बनेगा तो ईंट से ईंट बजा देंगे। उनके खुद की ईंट बज गई।

### गुरू जो कहता है वो बात पूरी होगी: सीएम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- गुरू जो कहता है वो बात पूरी होगी। यहां आने की इच्छा कई दिनों से थी लेकिन चुनाव में व्यस्त होने के कारण नहीं आ पाया।

जिस तरीके से अयोध्या में भव्य मंदिर बनवाने में रामभद्राचार्य महाराज का योगदान रहा है। वैसे ही राजस्थान की जनता पर भी गुरू का आशीर्वाद बना रहे। हमने भी राजस्थान के मंदिरों के निर्माण पर करोड़ो रूपए खर्च करने का प्रस्ताव बनाया है।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक राजन शर्मा, वीरेंद्र सिंह (सोनू बन्ना), श्री बालाजी गौशाला संस्थान अध्यक्ष रवि शंकर पुजारी, विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति सचिव अनिल संत, जगदीश चौधरी व गोपेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम संयोजक राजन शर्मा, वीरेंद्र सिंह व अनिल संत ने बताया कि शुक्रवार को कथा का अंतिम दिन है। जिसमें राज्याभिषेक प्रसंग सुनाएं जाएंगे और कथा का समापन भी होगा। कथा में शामिल होने के लिए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी मौजूद रहे।

## फंदे पर लटककर युवक ने किया सुसाइड

**सिरोही।** स्वरूपगंज कस्बे में गुरुवार सुबह एक युवक ने अज्ञात कारण से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौका मुआयना करने के दौरान किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR**

No. NIT/2024-25/20281-89 — ई-निविदा सूचना संख्या 318/2024-25 — Date:14.11.2024

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है:

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) |
|---|---|
| Improvement of Fire Cabling in Rajasthan High Court, Jodhpur. UBN:RRC2425WSOB00621 | 15.00 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एव सशोधन वेबसाईट: http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

**कार्यालय ग्राम पंचायत छापुड़ा खुर्द पंचायत समिति विराटनगर**

क्रमांक: ग्रा.पं./2024-24/188 दिनांक:- 14.11.2024

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत छापुड़ा खुर्द द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मो/संवेदकों से आर्मत्रित की जाती है।

UBN No. ZJP2425WSOB01367
ZJP2425WSOB01368

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in and eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत छापुड़ा खुर्द — सरपंच, ग्राम पंचायत छापुड़ा खुर्द

**कार्यालय पंचायत समिति विराटनगर, कोटपूतली-बहरोड**

क्रमांक: ग्रा.पं./2024-24/320 दिनांक:- 14.11.2024

**ई-निविदा सूचना**

पंचायत समिति विराटनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मो/संवेदकों से आर्मत्रित की जाती है।

UBN No. ZJP2425WSOB01369
ZJP2425WSOB01370
ZJP2425WSOB01371

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in and eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रधान, पंचायत समिति विराटनगर — विकास अधिकारी, पंचायत समिति विराटनगर


**Ace Engitech Limited**
(Formerly known as Prem Somani Financial Services Limited)
CIN: L72100RJ1991PLC006220
Regd. Office: Flat No. 408, Second Floor, Anand Chamber, Baba Harishchandra Marg, Raisar Plaza, Indira Bajar Jaipur- 302001
Tel: 9322666532; E-mail: aceengitechlimited@gmail.com

Extract of Financial Results for the Quarter ended 30th September 2024

(Amount in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Quater ended 30/09/2024 Unaudited/ Reviewed | Quarter ended 30/09/2023 Unaudited/ Reviewed |
|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 0.00 | 0.00 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (8.29) | (3.08) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax ( after Exceptional and/or Extraordinary items) | (8.29) | (3.08) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (8.29) | (3.08) |
| 5 | Total comprehensive income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (8.29) | (3.08) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face Value ₹ 10/-per share) | 85.89 | 330.34 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as per balance sheet | (42.72) | (264.87) |
| 8 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each)(for continuing and discontinued operations-basic & diluted)(Not annualised)(in ₹) | (0.97) | (0.09) |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/half yearly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange(s) www.bseindia.com and the company's website www.aceengitech.com
2. Figures for the previous period have been regrouped/reclassified wherever necessary, to conform to current period's classification.

For Ace Engitech Limited
(Formerly known as Prem Somani Financial Services Limited)
Sd/-
Abhishek Dinesh Bohra
Managing Director
DIN : 10673261

Place: Mumbai
Date : 14th November, 2024
Results can also be seen on company's website www.aceengitech.com

## बिना टिकट 122 यात्री पकड़े, 35 हजार से अधिक जुर्माना वसूला

### झालावाड़ मार्ग पर कोटा-अकलेरा सवारी गाड़ी में औचक टिकट अभियान

**कोटा (मृदुल पत्रिका)।** मंडल में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में लगातार सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। झालावाड़ रेल मार्ग पर दिनांक 14 नवम्बर को गाड़ी संख्या 05837/05838 अकलेरा-कोटा-अकलेरा सवारी गाड़ी में औचक टिकट निरीक्षण किया। इस औचक टिकट चेकिंग अभियान में कुल 122 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए जिनसे कुल 35 हजार 8 सौ 75 रूपए का जुर्माना वसूला गया।

इस टिकट चेकिंग अभियान में मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक बी डी बैरवा, टिकट परीक्षक की टीम सुरेश चन्द्र बैरवा, वेणुगोपाल शर्मा, अनवर हुसैन एवं गणेश सिंह, आरपीएफ टीम से राय सिंह एवं बाबू लाल चौधरी की विशेष भूमिका रही। यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्री गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जा सके।

### कोटा से पानीपत के बीच दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन स्पेशल ट्रेन का संचालन

यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा जबलपुर से गाड़ी संख्या 09801/09802 कोटा-पानीपत-कोटा के मध्य दो फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी, सामान्य श्रेणी सहित कुल 21 कोच होंगे। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन का दिनांक 15 नवंबर 2024 से आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

गाड़ी संख्या 09801/09802 कोटा-पानीपत-कोटा के मध्य स्पेशल दो ट्रिप दिनांक 16 एवं 20 नवंबर 2024 को कोटा से और 16 एवं 20 नवम्बर 2024 को पानीपत से चलेगी। गाड़ी सं 09801 कोटा से पानीपत के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से सुबह 07.15 बजे प्रस्थान कर सायं 18.35 बजे पानीपत पहुंचेगी और वापसी गाड़ी संख्या 09802 पानीपत से कोटा के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से रात 21.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07.30 बजे कोटा पहुंचेगी। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में लाखेरी, सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, हिंडौनसिटी, बयाना, भरतपुर, मथुरा, नई दिल्ली एवं सोनीपत स्टेशनों पर रुकेगी।


**पश्चिम मध्य रेल**

**सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग, निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेल, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों **निविदा सं.: KOTA/SNT/SIG/2024/13-14-M, दिनांक:** 11.11.2024 के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **कार्य का नाम:** कोटा डिवीजन: रिप्लेसमेन्ट ऑफ डिफेक्टिव सिग्नलिंग केबल्स् फॉर इनहेन्सिंग सेफ्टी ऑफ सिग्नलिंग सिस्टम। सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ ट्रैक रिनुअल वर्क्स इन कोटा डिवीज़न। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹3,42,34,775.39/- **बयाना राशि:** ₹3,21,200/- **तारीख एवं समय:** 09.12.2024 को 15:00 बजे तक। पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया हैं। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/ बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।

वरि. मं.सं. एवं दू.सं. इंजी (समन्वय), प.म.रे., कोटा मण्डल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


**GOENKA DIAMOND AND JEWELS LIMITED**
Registered Office : 401, Panchratana, M.S.B. Ka Rasta, Johari Bazar, Jaipur - 302003, Rajasthan.
CIN No. : L36911RJ1990PLC005651
Tel.: 0141 2574175 Email: cs@goenkadiamonds.com

**EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2024**

(Rupees in Lacs)

| Sr. No. | Particulars | STANDALONE | | | | | | CONSOLIDATED | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended 30.09.2024 | Quarter Ended 30.06.2024 | Quarter Ended 30.09.2023 | Half Year ended 30.09.2024 | Half Year ended 30.09.2023 | Year Ended 31.03.2024 | Quarter Ended 30.09.2024 | Quarter Ended 30.06.2024 | Quarter Ended 30.09.2023 | Half Year ended 30.09.2024 | Half Year ended 30.09.2023 | Year Ended 31.03.2024 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 35.90 | 64.92 | 29.49 | 100.82 | 53.95 | 129.72 | 19.76 | 49.06 | 14.74 | 68.82 | 23.68 | 65.99 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and /or Extraordinary items) | (41.18) | (46.69) | (55.11) | (87.86) | (112.28) | (216.56) | (58.23) | (47.46) | (83.83) | (105.69) | (160.97) | (285.01) |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (41.18) | (46.69) | (55.11) | (87.86) | (112.28) | (216.56) | (58.23) | (47.46) | (83.83) | (105.69) | (160.97) | (285.01) |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (41.66) | (46.01) | (55.54) | (88.06) | (111.63) | (216.22) | (59.11) | (46.78) | (54.69) | (105.89) | (160.32) | (284.66) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (41.66) | (46.01) | (55.54) | (88.06) | (111.63) | (216.22) | (45.02) | (61.23) | (54.69) | (106.25) | (120.27) | (254.95) |
| 6 | Equity Share Capital | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | "Earning Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations) -" | | | | | | | | | | | | |
| | 1) Basic: | (0.01) | (0.01) | (0.02) | (0.03) | (0.04) | (0.07) | (0.02) | (0.01) | (0.03) | (0.03) | (0.05) | (0.09) |
| | 2) Diluted: | (0.01) | (0.01) | (0.02) | (0.03) | (0.04) | (0.07) | (0.02) | (0.01) | (0.03) | (0.03) | (0.05) | (0.09) |

**Note:**
1. The above is an extract of the detailed format of quarter and half year ended financial result filed with Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarter and year ended Financial results are available on Stock Exchange website (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.goenkadiamonds.com).
2. The Company adopted Indian Accounting Standards(Ind AS) from 1st April, 2017.

For Goenka Diamond And Jewels Limited
Sd/-
Nandlal Goenka
Chairman

Place : Mumbai
Date : November 14, 2024